दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्ष :-04
अंक:-314
मुरादाबाद
07 March 2025
(Friday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र–बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

अपर्णा यादव बोलीं, सीएम योगी के रहते आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते... हमें इसमें कोई संशय नहीं

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि सीएम योगी के रहते आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते।

आतंकी उनसे डरते हैं। राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि योगी का नाम सुनते ही आतंकी डर जाते हैं इसलिए आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकते।

वहीं, सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा होंगे लेकिन भारत के आम

मुसलमानों के औरंगजेब खुदा नहीं हो सकते। दूसरी तरफ महाकुंभ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ की तारीफ यूनेस्को भी की है। कामाख्या धाम महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर पहुंची अपर्णा ने राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से लोग डरते हैं और राम मंदिर को आतंकी कभी छू भी नहीं सकता। जितने भी इस तरह के अराजक तत्व हैं, जितने गुंडे बदमाश हैं, आतंकवादी हैं वह सभी योगी जी के नाम से डर जाते हैं।

हमें किसी प्रकार का संशय नहीं है। आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकता। औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने अबू आजमी पर कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा हो सकते हैं लेकिन मुसलमान भाइयों के नहीं। महाकुंभ की तारीफ में अपर्णा ने कहा कि महाकुंभ का बहुत ही सफल समापन हुआ है। कितने महाकुंभ हुए लेकिन जिस तरह से यह महाकुंभ हुआ है ऐसा कभी नहीं हुआ होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे सनातन का बड़ा पर्व माना है। यूनेस्को ने भी कहा कि ये मानवता का महाकुंभ है। यह सबसे बड़ा महाकुंभ है। पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच की वजह से आज हम सभी लोगों ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। दोनों लोगों के सामर्थ्य को प्रणाम करती हूं कि जिनकी वजह से सनातन धर्म का इतना विस्तार हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण बोले, जिस तरह लोग मंदिर आ रहे हैं, शिव का मिजाज बदला तो जानते हैं क्या होगा...

आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने 38 मिनट में काशी के आनंद और दुख का मर्म बताया। कहा कि जो दुनिया भर में विषाद का विषय है, वो काशी में प्रसाद का विषय बन जाता है। लेकिन, आप प्रयास करें कि काशी कहीं अपने आनंद भाव को खो न दे। बीएचयू पहुंचे अयोध्या स्थित हनुमत निवास के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण 38 मिनट के अपने व्याख्यान में काशी के आनंद और दुख दोनों का मर्म समझा गए। उन्होंने कहा कि जो दुनिया भर में विषाद का विषय है, वो काशी में प्रसाद का विषय बन जाता है। लेकिन, आप प्रयास करें कि काशी कहीं अपने आनंद भाव को खो न दे। जबकि काशी ने हजारों पीढ़ियों में अपने-आप को नहीं खोया।कला संकाय में काशी- संस्कृति, परंपरा एवं परिवर्तन विषय पर शुरू हुई 15 दिवसीय कार्यशाला में धर्मस्थलों पर जुटने वाली भारी भीड़ पर मिथिलेश नंदिनी ने तंज कसा। कहा कि यदि सबको ही पर्यटन के लिए केदारनाथ भेजा जाएगा तो फिर एकांतवास में पूजा पाठ कैसे होगी। जिस तरह लोग मंदिरों में पहुंचने लगे हैं, यदि शंकर जी का जरा भी मिजाज बदल गया तो आप जानते हैं क्या होगा...। सभागार में बैठे विद्वान और छात्र-छात्रा यह सुन ठिठक गए। उन्होंने पूछ लिया महादेव हैं या नहीं।इस पर आचार्य मिथिलेश नंदिनी ने कहा कि भगवान शिव अभी तो हैं, लेकिन जिस दिन महादेव काशी छोड़कर चले जाएंगे, पूछने वाला नहीं होगा

मिल्कीपुर से विधायक चंद्रभानु ने सीएम योगी से की मुलाकात, विकास कार्यों में तेजी लाने का मिला निर्देश

मिल्कीपुर से विधायक चंद्रभानु पासवान गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां उन्होंने सीएम योगी से मुलाकात। मुख्यमंत्री से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। सीएम ने विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। यूपी में अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से विधायक चंद्रभानु पासवान ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी से विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मिल्कीपुर

विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों की प्रगति भी पूछी। विधानसभा क्षेत्र की जनता की ओर से प्राप्त सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में तेजी लाने और सुधार के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किया।

यूपी में आंतकी गिरफ्तार: महाकुंभ में तबाही की थी योजना, पूछताछ में खौफनाक खुलासा; प्लान सुनकर हिल गई एसटीएफ

यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक आंतकी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि महाकुंभ में तबाही की योजना थी। इसके पास जो हथियार बरामद हुए हैं, उसे देखकर टीम के होश उड़ गए। यूपी एसटीएफ ने गुरुवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल (खालिस्तानी आतंकी संगठन) एवं आईएसआई के माड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया है। इसे कौशांबी जिले से पकड़ा गया है। इसकी पहचान लजर मसीह पुत्र कुलविंदर के रूप में हुई है। इसके कब्जे से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं। पकड़ा गया आतंकवादी महाकुंभ में हमला करने की योजना बनाकर यहां पहुंचा था।केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त इनपुट पर काम करते हुए यूपी एसटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह की टीम ने पंजाब का भगोड़ा एवं बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से

जुड़े खालिस्तानी आतंकी लजर को गिरफ्तार कर लिया है। यह कुरतियां, पोस्ट मकीवल, थाना रामदास, अमृतसर, पंजाब का रहने वाला है। फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था इसके कब्जे से तीन सक्रिय हैंड ग्रेनेड, दो जिलेटिन रॉड, दो सक्रिय डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल, 13 स×क्रविदेशी कारतूस जिंदा, एक मोबाइल (बिना सिम कार्ड) और एक फर्जी पते का आधार कार्ड बरामद हुआ है। बताया गया कि इसने फर्जी अभिलेखों के आधार पर गाजियाबाद से आधार कार्ड बनवाया था। उसी के माध्यम से फर्जी पासपोर्ट बनवाने की फिराक में था। पूछताछ में पता चला कि आतंकी लजर पाकिस्तान में बैठे तीन आईएसआई एजेंटों के संपर्क में है। वह आर्म्स हेरोइन की तस्करी के मामले में जेल गया था। जेल के अंदर गैंगवार में इसे चोट लग गई थी। इलाज के लिए गुरू नानकदेव हास्पिटल, अमृतसर में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में पुलिस को चकमा देकर 24 सितंबर 2024 को फरार हो गया था। मारे गए थे तीन आंतकी- यह पता चला कि 23 दिसंबर 2024 को यूपी की पीलीभीत और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन खालिस्तानी आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में असलहों की बरामदगी हुई थी। उनके द्वारा पंजाब में कई आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया गया था। गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी थी धमकी-इस घटना से खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू खिसिया गया था। उसने महाकुंभ प्रयागराज में आतंकी हमला करने की धमकी दी थी। उसी योजना के तहत लजर यहां पहुंचा था। इसे एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।

मुंबई की भाषा मराठी है : RSS नेता के बयान पर भड़के आदित्य, CM फडणवीस ने भी किया समर्थन, अब देनी पड़ी सफाई

संघ के नेता भैयाजी जोशी ने अपने एक बयान में कहा था कि जो लोग मुंबई आते हैं, उन्हें मराठी सीखने की जरूरत नहीं है।

भैयाजी जोशी के इस बयान पर शिवसेना यूबीटी ने तीखा हमला बोला है। तमिलनाडु में भाषा को लेकर हंगामा जारी है और अब महाराष्ट्र में भी भाषा को लेकर विवाद हो गया है। दरअसल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेता भैयाजी जोशी के एक बयान से महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। हाल ही में संघ के नेता भैयाजी जोशी ने अपने एक बयान में कहा था कि जो लोग मुंबई आते हैं, उन्हें मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। भैयाजी जोशी के इस बयान पर शिवसेना यूबीटी ने तीखा हमला बोला है। हालांकि अब आरएसएस नेता ने अपने बयान पर सफाई दी है। शिवसेना यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने भैयाजी जोशी के बयान पर कहा कि %दूसरी जगहों से आए लोग हमारे राज्य में आते हैं और यहां बस भी जाते हैं, लेकिन यहां की भाषा मराठी है, जैसे तमिलनाडु की भाषा तमिल है और कर्नाटक की भाषा कन्नड़, उसी तरह मुंबई की भाषा मराठी है। भाजपा की विचारधारा महाराष्ट्र का अपमान करना है।% उन्होंने कहा कि %कल सुरेश भैया जी ने कहा कि घाटकोपर की भाषा गुजराती हो सकती है, लेकिन ये बिल्कुल संभव नहीं है। मुंबई की भाषा मराठी है। इस सरकार ने मुंबई में मराठी भाषा भवन का निर्माण भी रोक दिया क्योंकि ये लोग महाराष्ट्र और मराठी भाषा का अपमान करना चाहते हैं।%मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी जोर देकर कहा कि मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी है और जो भी यहां रहता है, उसे मराठी भाषा सीखनी

चाहिए। दरअसल विधानसभा में शिवसेना यूबीटी के विधायक भास्कर जाधव ने सवाल किया था कि सरकार आरएसएस नेता सुरेश भैया जी जोशी के बयान पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे कि मुंबई आने वाले लोगों को मराठी सीखने की जरूरत नहीं है। इस पर सीएम फडणवीस ने कहा कि %मैंने भैयाजी जोशी का बयान नहीं सुना है, लेकिन मुंबई और महाराष्ट्र की भाषा मराठी ही है। यहां सभी को मराठी भाषा सीखनी चाहिए।% सीएम ने कहा कि हमारी सरकार अन्य भाषाओं का सम्मान करती है, लेकिन कोई भी अपनी भाषा से प्यार करता है तो उसे दूसरी भाषा को भी सम्मान देना चाहिए।% बयान पर सफाई - स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता सुरेश भैयाजी जोशी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मराठी मुंबई की भाषा है और बाहर से आने वाले और अन्य भाषाएं बोलने वालों को भी इसे समझना चाहिए। जोशी ने कहा, मराठी मेरी मातृ भाषा है और मुझे इस पर गर्व है। जोशी का यह बयान बुधवार को मुंबई के घाटकोपर क्षेत्र में एक कार्यक्रम में की गई टिप्पणी के बाद आया है जिसकी विपक्षी शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस ने कड़ी आलोचना की थी। जोशी ने कहा, मराठी महाराष्ट्र की भाषा है और मुंबई की भी। इसमें कोई दो राय नहीं है। मुंबई में कई भाषाएं बोलने वाले लोग मिलजुलकर रहते हैं। उन्होंने कहा, यह उम्मीद की जाती है कि बाहर से आने वाले और अन्य भाषाएं बोलने वाले लोग मराठी भी समझें। जोशी ने साथ ही कहा कि घाटकोपर कार्यक्रम में उनकी टिप्पणी को गलत तरीके से समझा गया।

KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

तेजस्वी सूर्या ने की शादी: कन्नड़ गायिका के साथ लिए सात फेरे; कई हस्तियों ने की शिरकत; जानें कौन हैं शिवश्री

बंगलूरू दक्षिण से सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या गुरुवार को कन्नड़ गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद के साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए। सूर्या और स्कंदप्रसाद का विवाह समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक रूप से संपन्न हुआ।बंगलूरू दक्षिण से सांसद और भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या गुरुवार को कन्नड़ गायिका शिवश्री स्कंदप्रसाद के साथ दांपत्य सूत्र में बंध गए। सूर्या और स्कंदप्रसाद का विवाह समारोह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक रूप से संपन्न हुआ।समारोह में स्कंदप्रसाद

पीले रंग की कांचीपुरम सिल्क साड़ी और सोने के आभूषणों में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। जबकि सांसद सूर्या ने सफेद और सुनहरे रंग की पोशाक पहनी थी। समारोह में एक अन्य रस्म के दौरान दुल्हन स्कंदप्रसाद लाल-महरून रंग साड़ी में दिखीं, जबकि भाजपा सांसद सफेद पोशाक में खूब जचे।विवाह समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, केंद्रीय मंत्री वी सोमन्ना और अर्जुन राम मेघवाल सहित भाजपा के कई शीर्ष नेता, भाजपा सांसद और विधायक शामिल हुए और नवयुगल को आशीष प्रदान किया।कौन हैं शिवश्री स्कंदप्रसाद- शिवश्री स्कंदप्रसाद भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं। उन्होंने चेन्नई संस्कृत कॉलेज से मास्टर डिग्री प्राप्त की। वह बायोइंजीनियरिंग में स्नातक हैं। स्कंदप्रसाद ने मद्रास विश्वविद्यालय से भरतनाट्यम की डिग्री हासिल की है। उनके लाखों फॉलोअर हैं। वह फिल्म निर्माता मणिरत्नम की फिल्म फ्रैंचाइज़ पोन्नियिन सेलवन में अपने गानों के लिए लोकप्रिय हैं। अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुश्री स्कंदप्रसाद की प्रशंसा की थी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा था कि शिवश्री स्कंदप्रसाद द्वारा कन्नड़ में यह प्रस्तुति प्रभु श्री राम के प्रति भक्ति की भावना को खूबसूरती से उजागर करती है। इस तरह के प्रयास हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में एक लंबा रास्ता तय करते हैं।

संपादकीय Editorial

Revdis are not 'bhikh'

Madhya Pradesh government minister Prahlad Patel has called the common people 'beggars'. The minister is upset that people start pushing their papers forward on seeing the leader, start making demands, start asking for jobs for their children. It seems as if the public is begging like beggars! Whatever the context may be or the minister's state of mind may not be right, but the real beggars are the leaders and ministers, who plead with the public for every single vote during elections. After all, who made Prahlad Patel an MLA and minister? If he will not listen to the common man and will not try to fulfill his demands, then why is he in power? Should the public perform his aarti? In democracy, the basic power lies with the public, whose voting rights elect MLAs and MPs. Later they get ministerial posts in the government. Prahlad Patel was also a minister in the Modi government at the Center. From there he was brought into state politics. It is possible that that frustration is still stored within him! In democracy, elected faces are called 'public servants'. Prime Minister Modi also considers himself the 'Pradhan Sevak' of the country. He never once called the public 'beggars' during his 11 years in power. Here, some leaders have started speaking foul language. An MLA estimates the average value of a voter to be Rs 2000 and considers a 'prostitute' to be better than that. Maharashtra Deputy Chief Minister Ajit Pawar had said that you voted for me, but this does not mean that you have become my 'boss'. What kind of political culture is this? The trend of distributing freebies in politics is becoming widespread, in fact, it is a greed, a bribe, political parties cannot consider it 'bhikh'. If someone has called the bhikhs 'bhikhs', then the political group is responsible and guilty for it. It was they who started distributing bhikhs in view of their own selfish interests. Now this freebie is ruining the country's economy because money is needed to distribute freebies and the governments are facing acute shortage of capital. There is no state which has not taken loan to distribute freebies. Two examples are noteworthy. When Prime Minister Modi had started the 'Kisan Samman Nidhi' scheme, about 14 crore farmers were covered under it, but now this number has come down to about 8.5 crore farmers. These so-called freebies of Rs 6000 per annum are being distributed to them only. The Prime Minister himself is against the politics of freebies, but BJP governments are also taking loans to make people drink ghee. The latest case is of the Delhi semi-state government. March 8 is 'International Women's Day'. Chief Minister Rekha Gupta has assured the public that Rs 2500 will be deposited in the accounts of eligible women by that date. The government needs about Rs 21,000 crores only for distributing these freebies. Delhi's budget is about Rs 77,000 crore. Out of that, about Rs 64,000 crore is spent on salaries, allowances, pensions etc. The question is, from where will the semi-state government get the money to distribute freebies among women? In the government whose minister was considering the public as 'beggars', the promise of giving Rs 3000 under the 'Laadli Bahina' scheme is incomplete. The BJP-Mahayuti government of Maharashtra has had to delete the names of 5 lakh women under the 'Laadki Bahina' scheme because the government does not have the budget. In fact, such freebies have made the average man useless, lazy and idle. Anyway, a concrete decision should be taken on this subject.

Dealing with online filth is not easy, vulgar and obscene content will have to be banned

Every country may have made its own rules and regulations regarding obscene content, but online platforms have proved them meaningless. It is a blatant lie that online platforms are sensitive towards vulgarity and pornography. They may make such claims, but the truth is that their effort is to make more and more people watch such content. The case of a very vulgar comment made by another YouTuber Ranveer Allahabadia during the India's Got Latent program on comedian Samay Raina's YouTube channel was again heard in the Supreme Court. The Supreme Court allowed Ranveer Allahabadia to start his podcast, but it reprimanded Samay Raina a lot, because the judges were informed that Raina had taken a dig at the proceedings of the apex court during his Canada tour. Mumbai and Guwahati police are also investigating this matter. It is difficult to say what conclusion it will reach. It is difficult to say what the Supreme Court will do in this case, but for now it seems that it has adopted a tough attitude. It again asked the government to regulate the content of YouTube channels and other online platforms. How serious it is on this issue can be known from the fact that it asked the government to prepare a draft for it. If the government takes any initiative in this direction as per the Supreme Court's instructions, then there may be a hue and cry against it saying that it may affect the freedom of expression. Although the Supreme Court has said that the measures of regulation should not seem like censorship, but there are high chances that any initiative of the government in this direction will definitely raise questions that freedom of expression is being obstructed. Everyone knows that freedom of expression is not unlimited, but it is always difficult to decide when the limit is crossed. It is not easy to determine what is objectionable and what is not, because what is vulgar for one is humor for another. What is objectionable or insulting for someone is the truth for others. Similarly, what is vulgar and obscene for some is 'cool' for others. It is not hidden from anyone that many people are also opposing the action taken against Samay Raina, Ranveer Allahabadia and their colleagues. Their argument is that how can someone be put in jail for obscenity? Some are saying that the police and the court are wasting their time in this matter and after all Raina and Allahabadia did not invite people to watch their show. Some people are also asking whether problems like poverty and unemployment will be solved by sending Raina, Allahabadia etc. to jail. What they mean to say is that the police or the court should not get into this mess. Should they really not get into it? There is no direct answer to this either, but it is certain that many comedians, influencers etc. are spreading vulgarity and obscenity online, ignoring it will not solve any problem. This also does not mean that putting Raina, Allahabadia etc. in jail is the right solution to the problem. It is difficult to support those who want to ignore vulgar online content in the name of freedom of expression, because many so-called comedians and influencers are serving filth on online platforms. By doing this, they are not only making money but also getting publicity and fame. They are being invited as participants or guests in TV shows. Samay Raina appeared in Kaun Banega Crorepati some time back. Anyone can understand that he was invited so that the viewership of Kaun Banega Crorepati increases. Even though such people are called influencers, it is difficult to understand whether they influence people or are adversely affected? Platforms like YouTube, Instagram, Twitter (X) are full of vulgar, obscene content. Every country may have made its own rules and laws regarding obscene content, but online platforms have proved them meaningless. It is a blatant lie that online platforms are sensitive towards vulgarity and obscenity. They may claim so, but the truth is that their effort is to make more and more people watch such content. This is because these platforms have given them a free hand. These platforms shrug off the responsibility by saying that they are just a medium, that is, their work is like that of a postman. This is why these platforms are used by hateful and anarchic elements as well as terrorists. It would not be wrong to say that online platforms are unbridled and they do not care about any rules and laws. This is why they have become the biggest source of fake news. Now when it is being awaited what the government and the Supreme Court do in the matter of spreading vulgarity, then it will also have to be seen what the society does, because the kind of content that is watched more on online platforms is the same that is circulated more. Since vulgar content is being watched, that is why it is also being served.

Due to the desire to go to the West, the hope of getting proper opportunities and respect

With some exceptions, our intellectuals do not even have an understanding of policy-making and good governance. They rely on sloganeering. Then which country would want a crowd of such people? It is natural that the American administration also wants to keep only the deserving Indians and strictly expel the rest. We should be concerned about improving our own house. It is self-deprecating to criticize others. The sentiments of many people in our country are being hurt when Indians living or entering America illegally are being expelled from there. The manner in which people are being sent from there is hurtful. Meanwhile, the basic point is being neglected that why are people leaving India in large numbers? The common understanding is that people go for employment, but the youth from affluent families also want to go to America and Europe. Such people do not have any particular problem of livelihood here. In fact, among the Indians going to America or Europe, very few people go there with any appointment letter. Most of them go there for studies and then start some small job. Many times this is done by violating the rules there. For most Indians who go to Canada, course admission is just an excuse. They go there with the intention of staying there.

A form of the same process is seen here in the country too. In every village, countless parents, while educating their children, want them to go out and work in places like Delhi, Mumbai, Bangalore etc. Whereas Indians settled in Delhi-Bengaluru aspire for their children to go and live in Europe-America and make such plans. This entire process is like choosing for migration. This is a silent display of collective distrust against their society, their system. People want to leave their society and country by using their resources, intelligence and hard work and go to a place which seems more organized and provides opportunities. This point is worth considering. India is not a poor country, but it is suffering from mismanagement. Otherwise, the amount of wealth that upper middle class Indians have is not seen in many European countries, but our general political, administrative, educational systems are in a bad state, which discourages. These systems do not respect merit or wisdom.

Educational institutions are either a formality or a pure business. So, talents are left to God's mercy. In other fields too, there is a system of giving and taking almost every opportunity or position on some other basis. That is why people are migrating abroad, where there is hope of getting proper opportunity and respect. To call it people's greed is like insulting them. Independent India created such a system which has no imagination of its own. That is why it is indifferent to virtue, talent and merit. America created such a system which welcomes virtue, talent and merit from all over the world. Now showing all the anger on the way illegal Indians are sent from America is like giving relief to those Indians. In fact, our arrogance and uselessness are two sides of the same coin. With the same attitude with which we boast or criticize others, we shirk every responsibility by putting it on someone else. From security to education, medical care, daily administration and justice system, in every matter, party politics, blaming others and rhetoric are our main discussions. This has been going on in India for a long time. Blaming others and considering oneself automatically afflicted, right or superior. This is easy. One does not have to put in the effort of any concrete test for this.

In this process, there is such a triple illusion of hatred-condemnation-comfort that we ignore even the biggest truth like the elephant visible in front of us. Whatever we regularly claim in our discussions, our actual behavior shows the exact opposite of it. Our entire life, from leaders to intellectuals, students and managers, i.e. policy, industry, education, art, lifestyle, gestures, sports, entertainment etc. is mainly driven by foreign ideas, objects, language, style, models etc. Does this not clearly show that we also consider American-European things, ideas, solutions, books, films, music and sports etc. to be superior? For that, do you want to leave everything, your knowledge, philosophy, rules and regulations, language and culture, even the country forever and settle in America or Europe? You want to send your children there and settle there by investing all your intelligence, hard work and money. This is a practical point. Even a small child does better than the two things available to him.

Therefore, it is appropriate to make truth and behavior the criterion. Then it will be seen that most Indians are ready to adopt America and Europe, because we have not been able to make anything of ours comparable. The question is, if any Swadeshi discriminates, neglects, oppresses us, etc., then is that acceptable? Whereas if a foreigner behaves in the opposite way, will we not accept it? To this, millions of our people give priority to migration abroad as soon as they get the opportunity. This is the intense process of leaving the country and settling in Europe, America or Australia. What else is this except happily accepting their culture, their education, their rule? They even suffer for this. That is, not only is that culture and governance better, but many Indians are ready to undergo long penance to become its citizens, to live there even without citizenship. Without any invitation or pressure. To attribute this to mere greed is an insult to those Indians whom we first do not give proper opportunity or place, and then we do not want them to be treated as citizens. They make fun of the talent and hard work of the people. They are indifferent to facts and evidence. Our intellectuals, with few exceptions, do not even understand policy-making and good governance. They rely on sloganeering. Then which country would want a crowd of such people? It is natural that the American administration also wants to keep only the deserving Indians and strictly exclude the rest. We should be concerned about improving our own house. Criticizing others is self-abasement.

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित

मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक कमिश्नरी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मण्डलीय एकीकृत कार्यालयों के निर्माण प्रगति के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने वीसी एमडीए को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीनों का अच्छे से सर्वे करवाकर अग्रिम कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही बैठक में वीसी एमडीए द्वारा विभिन्न विभागों से नक्शा पास करवाने संबंधी लम्बित आवेदनों के संबंध में मण्डलायुक्त के समक्ष प्रकरणों को रखा गया, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नक्शा पास करवाने संबंधी एक समयान्तर्गत व्यवस्था बनाकर पेडेंसियों को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में एक्सईएन सिंचाई विभाग द्वारा प्रतिभाग न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए

उन्होंने बैठक में उपस्थित एसडीओ सिंचाई को नक्शा संबंधी एनओसी उपलब्ध न करवा पाने और सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वे संबंधी पूरी डिटेल सहित उच्च अधिकारियों के साथ अलग से

♦ अधिकारियों को नक्शा पास करने संबंधी एनओसी को समयबद्धता से निस्तारण करने के दिए निर्देश

♦ मण्डलायुक्त ने एकीकृत मण्डलीय कार्यालय की प्रगति संबंधी करी समीक्षा

प्रस्तुत होने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ,मुरादाबाद को नक्शा संबंधी एनओसी पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में सोनकपुर योजना, कांशीराम योजना सहित अन्य मुरादाबाद विकास प्राधिकरण से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री शैलेश कुमार, नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर सुश्री ज्योति सिंह, सचिव एमडीए श्रीमती अंजुलता, सिटी मजिस्टेऊट श्रीमती किंशुक श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर डा0 राममोहन मीना, अपर नगर आयुक्त सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हाट बाजारों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित

मुरादाबाद -मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में हाट बाजार स्थानान्तरित करने संबंधित बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोडो पर बाजार न लगे, इसको अधिकारी सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने अपर मुख्य अधिकारी ,जिला पंचायत को निर्देशित किया कि बोर्ड में प्रस्ताव लाकर शुल्क संबंधी व्यवस्थाओं को बनाये, जिससे सरकारी जमीन पर लग रहे बाजारों में बुनियादी व्यवस्थाएं जैसे- पानी की व्यवस्था, कूडा उठान संबंधी व्यवस्था, टॉयलेट संबंधी व्यवस्था, विद्युत आदि व्यवस्थाओं को अच्छे से सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने उपस्थित नगर पालिका/नगर पंचायतों के चैयरमैनों और अधिशासी अधिकारियों को डोर टू डोर कूडा उठान संबंधी शुल्क को अधिरोपित करने संबंधी व्यवस्थाओं को बनाने के निदेश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका/नगर पंचायतों को रेवेन्यु जनरेटिंग बॉडी के रुप में अच्छे से आगे लाये। नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायतें आपसी समन्वय के

♦ रोड़ों पर बाजार न लगे, इसको अधिकारी करें सुनिश्चित

♦ नगर निकायें पीपीपी मॉडल को अपनाकर करें कार्य

♦ बाजारों में बुनियादी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें अधिकारी

♦ सभी नगर पालिका/नगर पंचायतें रेवेन्यु जेनरेशन पर दे ध्यान

साथ पीपीपी मॉडल पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीनों पर लगने वाले बाजारों में बुनियादी व्यवस्थाओं को अच्छे से सुनिश्चित करवाया जाये। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत अगवानपुर में भूमि अतिक्रमण के संबंध में उपजिलाधिकारी सदर को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी ,जिला पंचायत से कहा कि एमडीए जिस व्यवस्था के तहत नक्शे पास करता है उस व्यवस्था को अध्ययन कर बोर्ड में प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ शैफाली सिंह, जिलाधिकारी मुरादाबाद श्री अनुज सिंह, उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री शैलेश कुमार, नगर आयुक्त श्री दिव्यांशु पटेल, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम श्री सर्वेश कुमार गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों के चैयरमैन और संबंधित अधिशासी अधिकारी गण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त समाचार

ट्रंप के टैरिफ से टेंशन: मुरादाबाद के निर्यातकों को 1200 करोड़ के नुकसान की आशंका, 50 खरीदारों के स्टोर बंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एल्युमिनियम और स्टील पर 25त्न टैरिफ लगाने की घोषणा से मुरादाबाद के हस्तशिल्प निर्यातकों की चिंता बढ़ गई है। कारोबारियों को 1200 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले ही प्रभावित निर्यातकों का कहना है कि टैरिफ बढ़ने से विदेशी खरीदार कम ऑर्डर देंगे और निर्यात घट सकता है। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एल्युमिनियम और स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा से मुरादाबाद के हस्तशिल्प निर्यातकों की चिंता बढ़ गई है। टैरिफ लगने से निर्यातकों को 1200 करोड़ रुपये से अधिक

का नुकसान होने की आशंका है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही प्रभावित चल रहे हस्तशिल्प उद्योग को इस घोषणा से गहरा झटका लगा है।मुरादाबाद के करीब 2400 निर्यातक हस्तशिल्प उत्पाद से जुड़े हैं। जिले से अमेरिका, जापान, इंग्लैंड, टर्की समेत अन्य देशों को हर साल 8000 से 9000 करोड़ रुपये के हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात होता है। इनमें सबसे ज्यादा 5500 करोड़ रुपये का निर्यात अमेरिका को होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो अप्रैल से भारत पर बराबर टैरिफ लगाने की घोषणा की है।निर्यातकों के अनुसार, इस घोषणा के तहत एल्युमिनियम और स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लग जाएगा। इससे हस्तशिल्प निर्यातकों को 1200 करोड़ से अधिक का नुकसान होगा। निर्यातकों ने बताया कि यदि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाले हस्तशिल्प उत्पाद पर टैरिफ लगता है तो विदेशी खरीदार कम ऑर्डर देंगे और निर्यात घट जाएगा। वहीं, कुछ निर्यातकों का कहना है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से निर्यात में पहले से ही कमी आई है। इसके साथ ही जहाजों के घूमकर जाने के कारण हस्तशिल्प उत्पाद खरीदारों के पास समय से नहीं पहुंच पाते हैं। इसके कारण भी हस्तशिल्प निर्यातकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। निर्यातक विवेक अग्रवाल का कहना है कि खरीदार एक महीने से टैरिफ लगने का इंतजार कर रहे थे, जो भी ऑर्डर हुए हैं वह होल्ड पर हैं। ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के एलान से ऑर्डर कम से कम मिलने का अनुमान है। अमेरिका में 50 खरीदारों के स्टोर हुए बंद- मुरादाबाद सेज एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि पिछले पांच साल में मंदी आने के कारण मुरादाबाद से हस्तशिल्प उत्पाद का आयात करने वाले अमेरिका के 50 से अधिक स्टोर बंद हो चुके हैं। इससे निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। निर्यातकों के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ के एलान से हस्तशिल्प उत्पाद के 20 से 30 प्रतिशत खरीदारों की घटने की उम्मीद है। खरीदारों की ओर से ऑर्डर पर 10 प्रतिशत की छूट मांगी जा रही है। बिना छूट के विदेशी खरीदार ऑर्डर नहीं दे रहे हैं। पहले से ही ऑर्डर कम मिल रहे हैं। अब टैरिफ के बढ़ने पर ऑर्डर कम मिलने की संभावना है। - सतपाल, सचिव, द हैंडीक्रॉफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग का करीब 60 फीसदी निर्यात अमेरिका को होता है। टैरिफ को लेकर अभी असमंजस की स्थिति है। ऐसे हालात में विदेशी ग्राहकों ने ऑर्डर रोक दिए गए हैं। उनकी ओर से नए ऑर्डर नहीं आ रहे हैं। इससे कारोबार प्रभावित होगा। - अवधेश अग्रवाल, महासचिव, एमएचईए ट्रंप के टैरिफ बढ़ाने के एलान से खरीदार लगातार निर्यातकों पर दबाव डाल रहे हैं। खरीदार हस्तशिल्प उत्पाद पर 10 प्रतिशत की छूट मांग रहे हैं। इससे काफी परेशानी हो रही है। टैरिफ बढ़ने से इस साल निर्यात कम होने का अनुमान है। - जेपी सिंह, निर्यातक खरीदारों ने ऑर्डर होल्ड कर दिया है। साथ ही पीतल में स्टील और एल्युमिनियम का इस्तेमाल नहीं करने को कहा है। ऐसी स्थिति में निर्यात प्रभावित होगा। बढ़े टैरिफ का लोड निर्यातकों पर ही पड़ेगा। निर्यातकों को ही समझौता करना पड़ेगा। - नावेद खान, निर्यातक, बीएंडए इंटरनेशनल फर्म

ब्वॉयफ्रेंड ने नहीं उठाया फोन तो प्रेमिका ने दी जान...प्रेमी ने भी लगाई फांसी

■ 13 मार्च को होनी थी दोनों की शादी, परिवार में मचा कोहराम

मुरादाबाद -मझोला थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर दो बजे कॉल रिसीव न करने पर प्रेमी से विवाद के बाद युवती ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके करीब तीन घंटे बाद प्रेमी ने भी अपने घर पहुंचकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर परिजनों ने पूछताछ की है। थाना मझोला क्षेत्र की एकता कॉलोनी निवासी आकाश शर्मा (23) का लाइनपार प्रकाश नगर में रहने वाली नन्नू माइकल (18) के साथ प्रेम संबंध था। बताया जा रहा है कि आकाश के परिवार में शादी समारोह होने के कारण वह प्रेमिका का फोन नहीं उठा रहा था। बुधवार दोपहर उसने कॉल रिसीव की तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई । इसी दौरान युवती अपने घर में पहुंची और उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटककर खुदकुशी कर ली। परिवार के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को लेकर जिला अस्पताल आई। यहां चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान वहां प्रेमी आकाश भी पहुंच गया। युवती के परिजनों से वहां उसकी नोकझोंक हुई। इसके बाद शाम करीब पांच बजे आकाश ने भी अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने देखा तो आकाश दुपट्टे के जरिए फंदे से लटका हुआ है। परिजन उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि युवक और युवती ने आत्महत्या की है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है।

नई दिल्ली से जयनगर के लिए आज से चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

महाकुंभ में लगातार स्पेशल ट्रेनें चलाने वाला रेलवे प्रशासन अब होली पर ट्रेनों के सुचारु संचालन में जुटा है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनों का रेलवे चार और संचालन करने जा रहा है। नई दिल्ली से जयनगर के लिए होली स्पेशल छह मार्च से चलेगी। बाई वीकली ट्रेन के 17 मार्च तक चार ट्रिप होंगे। इसके अलावा जोगबनी, सीतामढ़ी के लिए भी स्पेशल ट्रेनें दौड़ेंगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को नई दिल्ली से जयनगर के लिए विशेष ट्रेन हफ्ते में दो दिन चलेंगी। ट्रेन नंबर 04014 के नई दिल्ली से 6 मार्च के अलावा 10,13 व 17 मार्च को संचालित होगी। जबकि ट्रेन 04013 जयनगर से मंगलवार व शुक्रवार को 7, 11, 14 व 18 मार्च को चलेंगी। आनंद विहार-सीतामढ़ी के लिए (04016-15) ट्रेन भी हफ्ते में दो दिन चलेगी। आनंद विहार से मंगलवार, शुक्रवार और सीतामढ़ी से बुधवार व शनिवार को रवाना होगी। इस ट्रेन के भी चार ट्रिप होंगे। आनंद विहार से 7, 11, 14 व 18 और सीतामढ़ी से 8, 12, 15 व 19 मार्च को चलेगी। आनंद विहार से जोगबनी के लिए स्पेशल ट्रेन 04010 व 9 के दो ट्रिप होंगे। आनंद विहार से हरेक सोमवार को 10 व 17 मार्च व जोगबनी से बुधवार को 12 व 19 को ट्रेन चलेगी। आनंद विहार से जोगबनी के लिए एक और स्पेशल ट्रेन (04028-27) चलाने का शेड्यूल जारी किया गया है। इस ट्रेन के तीन फेरे होंगे। आनंद विहार से 6,13 व 20 और जोगबनी से 8,15 व 22 मार्च को हर शनिवार को रवाना होंगी। यह भी स्पेशल ट्रेनें मंडल में मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर व सीतापुर स्टेशन पर रुकेंगी।

नाम परिवर्तन सूचना

It is informed to all that earlier my name was KM Preeti Bansal, now my name has been changed to Preeti Agarwal and now I should be known and recognized by this name only.
"Preeti Agarwal w/o Nishant Kumar Address- 14. Civil Lines Moradabad Uttar Pradesh

अस्पताल संचालक से बाप-बेटी ने मांगी एक करोड़ की रंगदारी, पीड़ित ने रामपुर निवासी पिता-पुत्री के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

मुरादाबाद -कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक अस्पताल संचालक से पिता-पुत्री ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। इनकार करने पर बलात्कार के केस में जेल भिजवाने की धमकी भी दी। पीड़ित अस्पताल संचालक की शिकायत पर कटघर थाना पुलिस ने पिता-पुत्री के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव कमालपुर फतेहाबाद निवासी इकराम ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह उत्तरांचल यूनानी मेडिकल कॉलेज हरिद्वार से बीयूएमएस की पढ़ाई कर रहा था। उस समय उसके साथ रामपुर की रहने वाली सायमीन जहां भी पढ़ाई कर रही थी।

इस दौरान सायमीन से बातचीत होती रहती थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद इकराम ने कटघर के करूला में मेडविन नाम से अस्पताल खोल लिया। वर्तमान में अस्पताल अच्छा चल रहा है। इसी बीच सायमीन ने फोन पर पिता से बातचीत कराई। उन्होंने कहा कि दोस्त सायमीन की मदद कर दो। यह भी अपना कारोबार सेट कर लेगी। सायमीन के पिता को बताया कि अभी अस्पताल शुरू हुआ है। लिहाजा अभी पैसे नहीं हैं। इस बात से सायमीन के पिता नाराज हो गए। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान सायमीन के साथ फोटो के जरिए रामपुर में मुकदमा दर्ज करा दिया। तभी से लगातार पैसों की डिमांड बढ़ती जा रही है। वर्तमान में एक करोड़ रुपये की डिमांड की जा रही है। इनकार करने पर फर्जी रेप केस में जेल भिजवाने की धमकी दी जा रही है। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अस्पताल संचालक की शिकायत पर सायमीन और उसके पिता तसद्दुक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

सीता रसोई का विशाल कपड़ा वितरण कैंप गिहार बस्ती में मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- सीता रसोई के सेवादार श्री हर्ष अग्रवाल ने बताया कीआज सीता रसोई का एक विशाल कपड़ा वितरण कैंप टेलीफोन एक्सचेंज के सामने गिहार बत्ती में प्रात: 10ः00 बजे से लगाया गया जिसमें हजारों स्थानीय निवासियों ने अपनी अपनी पसंद के कपड़े प्राप्त किया स्थानीय निवासियों में 5 साल के बच्चे से लेकर 70 साल तक के पुरुष महिलाएं माताएं बहने पुरुष सभी लोग उपस्थित थे और सभी के चेहरे पर एक असीम मुस्कान थी और उन्हें सीता रसोई के सेवादारों का बड़ा धन्यवाद किया कि आपने उनकी बस्ती में स्वयं आकर कैंप लगाया

और सभी लोग अपनी पसंद के कपड़े प्राप्त करके काफी खुश रखे महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बच्चे महिलाएं सभी लोग अत्यंत प्रसन्न दिखे इस अवसर पर 100 साड़ियां भी सीता रसोई की तरफ से वृद्धाश्रम बदायूं रोड पर भेजी गई इस अवसर पर सीता रसोई के सेवादार रमेश चंद्र अग्रवाल एडवोकेट जी हर्ष अग्रवाल जी अमित गुप्ता जी नरेश भाटिया जी राजीव अग्रवाल जी एस अग्रवाल जी ए के आहूजा जी मनोज सेठी जी दीपक शर्मा जी एस के अग्रवाल जी घनश्याम गुप्ता जी अशोक गुप्ता जी सौरभ धींगरा जी अनूप जायसवाल जी राजीव अग्रवाल जी आदि अनेक सम्माननीय व्यक्ति उपस्थित रहे कैंप का उद्घाटन सीता रसोई की सम्मानित महिला आशा दीदी ब निर्मला गुप्ता ने किया ।।

बरेली जिले में आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से हुई संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू के पर्यवेक्षण व जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में आज वर्ष 2025-26 हेतु देशी मदिरा, कंपोजिट दुकानों, भाँग की दुकानों और मॉडल शॉप्स के आवंटन की प्रक्रिया ई लॉटरी के माध्यम से संजय कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुई। जिला आबकारी अधिकारी हुकुम सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद बरेली में कुल 578 आबकारी दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से प्रात: 10:00 बजे से 11:45 बजे के बीच सम्पन्न हुआ। जनपद में

396 देशी शराब, 160 कम्पोजिट, 16 मॉडल शॉप व 06 भॉग दुकानों के सापेक्ष कुल 7581 आवेदन प्राप्त हुए थे। ई-लॉटरी प्रक्रिया के सफल सम्पादन हेतु शासन द्वारा वरिष्ठ आईएएस प्रमुख सचिव सहकारिता विभाग नोडल अधिकारी बरेली सौरभ बाबू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एसपी सिटी मानुष पारीक, उप आबकारी आयुक्त एसपी सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे ।।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

संक्षिप्त समाचार

प्रशिक्षु उपाधीक्षक अजय कुमार के प्रशिक्षण पूर्ण होने पर एसएसपी ने लगाए स्टार

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने अपने पुलिस कार्यालय में पुलिस प्रशिक्षु उपाधीक्षक अजय कुमार के प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरान्त स्टार लगाकर बधाई देते हुये नई जिम्मेदारियों को पूर्ण लगन, ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक यातायात अकमल खान, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध मुकेश कुमार आदि अन्य अधिकारी पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

तेज रफ़्तार कारों में जोरदार भिड़ंत, दो महिलाओं सहित चार घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली।उत्तर प्रदेश की जनपद शामली में नवनिर्मित बाईपास चौराहों पर हादसो का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहा अलसुबह तेज रफ्तार से आ रही दो कारो में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसके बाद एक कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़कर पलट गई। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने कार सवार घायल महिला पुरुषों को बामुश्किल कर से बाहर निकाला और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल प्रभाव से अस्पताल में भर्ती करते हुए क्षतिग्रस्त कारो को सड़क किनारे करवाया। वही हादसे में घायल हुए महिला पुरुषों का इलाज अस्पताल में जारी है। गुरुवार को

दिल्ली निवासी महिला तृप्ति जैन कार में सवार होकर अपने ड्राइवर गौरव के साथ दिल्ली से सहारनपुर के लिए निकली थी।वही दूसरी और हरियाणा के रोहतक निवासी नवीन भी कार में सवार होकर अपने मित्र व अपनी मां के साथ रोहतक से हरिद्वार के लिए निकला था। बताया जाता है कि जैसे ही उक्त दोनों कार शहर कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर पहुंची तो दोनों कारों की रफ्तार अत्यधिक तेज होने के कारण दोनों कारो के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शीयों की माने तो भिड़ंत इतनी जबरदस्ती की भिड़ंत होने के बाद एक कार तो फिल्मी स्टाइल में रेड लाइट पर चढ़ते हुए पलट गई। जहां हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई और वहां से गुजर रहे लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल महिलाओं व पुरुषों को कारों से बाहर निकाल और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल प्रभाव से सभी घायलों को शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया और घायलों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी। अस्पताल में सभी घायलों का उपचार जारी है। वही चौराहे पर फिल्मी स्टाइल मे कार के पलटने का मामला दिनभर चर्चा का विषय बना रहा।

सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरू सम्मान के साथ हुआ विश्राम, भंडारा खिलाया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।सनातन धर्म की चारों ओर अलख जगाई जा रही है। कलियुग में हर कोई अपने पुण्य संवारने को लेकर हरि नाम,हरि की पावन कथा का श्रवण करने में लगा है। गांव नरही नौवा नंगला में विपिन कुमार के

आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पंडित शशांक मिश्र ने संगीतमयी कथा का रसपान करवाया।वृहस्पतिवार को कथा विश्राम हो गया। विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।सनातनी परम्परानुसार कथा वाचक पंडित शशांक मिश्र को अंग वस्त्र के साथ विभिन्न उपहारों से ग्रामीणों ने सम्मानित किया।इस दौरान सुरजीत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, बिहारी लाल, बांके लाल, रामपाल,शुभम गंगवार, मुरारी लाल, वृंदावन लाला,आकाश कुमार, रघुनंदन,सौरभ गंगवार का विशेष सहयोग रहा।

कैंटर और पिकअप को टक्कर मारते हुए दुकानों में घुसा तेज रफ्तार ट्रक, टला बड़ा हादसा

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली।सहारनपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक बृहस्पतिवार तड़के करीब 3 बजे थानाभवन स्थित चरथावल बस स्टैंड पर खड़ी पिकअप और दूध के कैंटर को टक्कर मारते हुए दुकानों में जा घुसा। तीनों दुकानों में लाखों का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि उस समय दुकानें बंद थीं और आसपास भी कोई नहीं था, वरना और बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के दौरान ट्रक ने पहले दूध के कैंटर और केला गोदाम पर केला उतारने आई पिकअप को जोरदार टक्कर मारी। फिर बेकाबू होकर सड़क किनारे नूर ट्रेडर्स, चांद ऑटो स्पेयर पार्ट्स, शफीर की खाद की दुकान में जा घुसा। इस टक्कर से दुकानों के शटर, काउंटर व अन्य सामान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। गनीमत रही कि घटना के वक्त सड़क पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि होने से बच गई। व्यापारियों ने प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



आंगनबाड़ी चयन प्रकिया में आपत्ति पर 8 तक दर्ज करायें शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच -वीरेंद्र कुमार वर्मा

